दिनांक 21 सितंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भविष्य में न हो जल प्रदाय प्रभावित 77 एमएलडी में लगेंगे नए मोटर पंप, नवीन मोटर पंपों को जोड़ने के लिए 4 दिन जल प्रदाय रहेगा बधित

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर 77 एमएलडी जल शोधन यंत्र में पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अमृत मिशन योजना अंतर्गत 6 नग नया पावर पंप लगाया जाना है! इस कार्य के लिए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के क्लियर वाटर टैंक को खाली कर क्लियर वाटर टैंक की दीवार तोड़कर पाइप लाइन लगाकर नवीन पावर पंपों से जोड़ा जाना है कार्य करने के उपरांत सभी तोड़फोड़ किए गए स्थानों को सीमेंट कंक्रीट से बंद करने का कार्य किया जाएगा यह एक वृहद कार्य है जिसके कारण दिनांक 23 सितंबर से 26 सितंबर तक निगम क्षेत्र में उच्च स्तरीय सभी 10 टंकियों में पानी नहीं भर पाएगा, टंकियों में पानी नहीं भरने के कारण वितरण पाइपलाइन से जल प्रदाय भी बंद रहेगा! इस अवधि में वार्डों में स्थापित पावर पंप ज्यादा समय तक चालू रहेंगे तथा हस्त पंपों को निरंतर चालू रखे जाने का प्रयास किया जाएगा! जिन क्षेत्र के वार्डों/मोहल्लों में पावर पंप नहीं है वहां पर टैंकरों के माध्यम से जल प्रदाय किए जाने पर्याप्त टैंकर की व्यवस्था की जा रही है!

इस अवधि में किसी को पानी की समस्या होने पर संबंधित क्षेत्र के जोन आयुक्त से उनके दूरभाष नंबर पर संपर्क कर अवगत करा सकते हैं

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी